**भारत सरकार**
**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय**
**औषध विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4244**
**दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**तेलंगाना में जेनेरिक दवाओं की दुकानें**

**4244. श्री बलराम नाइक पोरिका:**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तेलंगाना राज्य में, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में, स्थापित जेनेरिक दवाओं की दुकानों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में और अधिक संख्या में जेनेरिक दवाओं की दुकानों की स्थापना की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

**(क):** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत दिनांक 30.11.2024 तक देश भर में कुल 14,320 जन औषधि केंद्र (जेएके) खोले जा चुके हैं, जिनमें से 198 जेएके तेलंगाना में खोले गए हैं। दिनांक 30.11.2024 तक तेलंगाना में खोले गए जेएके की जिला-वार संख्या **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

**(ख):** सरकार ने मार्च 2027 तक देश भर में 25,000 जन औषधि केंद्र (जेएके) खोलने का निर्णय लिया है। देश के सभी जिलों से www.janaushadhi.gov.in वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जेएके खोलने के लिए कोई क्षेत्र-विशिष्ट लक्ष्य नहीं है।

**अनुलग्नक**

**तेलंगाना में जेनेरिक दवाओं की दुकानों के संबंध में श्री बलराम नाइक पोरिका द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 20.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4244 के भाग (क) के उत्तर के संबंध में संदर्भित अनुलग्नक**

| दिनांक 30.11.2024 तक तेलंगाना राज्य में खोले गए जन औषधि केन्द्रों की जिला-वार सूची | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिले का नाम** | **खोले गए जेएके की संख्या** |
| 1 | आदिलाबाद | 11 |
| 2 | हैदराबाद | 21 |
| 3 | करीमनगर | 4 |
| 4 | खम्मम | 2 |
| 5 | महबूबनगर | 6 |
| 6 | मेडक | 1 |
| 7 | नालगोंडा | 2 |
| 8 | निजामाबाद | 12 |
| 9 | रंगा रेड्डी | 20 |
| 10 | वारंगल | 7 |
| 11 | निर्मल | 4 |
| 12 | जगतियाल | 12 |
| 13 | पेड्डापल्ली | 5 |
| 14 | राजन्ना सिरसिला | 1 |
| 15 | मन्चेरियल | 7 |
| 16 | कामारेड्डी | 1 |
| 17 | हनुमाकोंडा | 6 |
| 18 | जयशंकर भूपलपल्ली | 2 |
| 19 | महबुबाबाद | 2 |
| 20 | जनगांव | 6 |
| 21 | भद्राद्रि कोठागुडेम | 3 |
| 22 | संगारेड्डी | 6 |
| 23 | सिद्दीपेट | 2 |
| 24 | वानापर्थी | 2 |
| 25 | नगरकुरनूल | 2 |
| 26 | जोगुलाम्बा गडवाल | 3 |
| 27 | सूर्यापेट | 2 |
| 28 | यदाद्रि भुवनागिरी | 3 |
| 29 | विकाराबाद | 5 |
| 30 | कुमुराम भीम आसिफाबाद | 3 |
| 31 | मेडचल मल्काजगिरि | 32 |
| 32 | मुलुगु | 2 |
| 33 | नारायणपेट | 1 |
| **कुल** | | **198** |

*****